Number of Pages in Booklet: 24
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 24

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक 350483

Number of Questions in Booklet : 100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

URATPG - 2019

Sociology

Subject Code / विषय कोड -35

Roll No. of Candidate / अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : .....

OMR Serial Number / ओ. एम. आर. क्रमांक : .....

Signature of Candidate / अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : .....

Date of Examination / परीक्षा तिथि : .....

Signature of Invigilator / वीक्षक के हस्ताक्षर : .....

Time/ समय : Two hours / दो घण्टे **Maximum Marks / पूर्णांक : 100**

INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 01 to serial no. 100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheets by using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश : (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ. एम. आर. शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना हैं।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं हैं।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ. एम. आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ. एम. आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्नों के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जायेगा।

1. Who believed that sociology should focus on social action, not structures?

(A) Max - Weber

(B) Emile Durkheim

(C) H. Spencer

(D) August comte

2. According to whose view point, it is not ideas or values human beings hold that are the main sources of social change. Rather, social change is prompted primarily by economic influences?

(A) Karl Marx

(B) Max Weber

(C) Emile Durkheim

(D) C. H. Cooley

3. The law of three stages of human developments through theological, metaphysical and positive stages, has been claimed by which sociologist?

(A) Emile Durkheim

(B) Max - Weber

(C) August Comte

(D) Karl - Marx

4. Who explained, that social factors exert a fundamental influence on suicidal behaviour?

(A) Max Weber

(B) Karl Marx

(C) August Comte

(D) Emile Durkheim

5. Systematic study of human societies giving special emphasis to modern, industrialized systems is the subject matter of which of the following social sciences?

(A) Anthropology

(B) Economics

(C) Ethnography

(D) Sociology

1. यह किसका मानना था कि समाजशास्त्र को अपना ध्यान सामाजिक क्रिया के अध्ययन पर केन्द्रित करना चाहिये न कि संरचना पर ?

(अ) मैक्सवेबर (ब) इमाइल दुर्खीम

(स) एच स्पेन्सर (द) आगस्त काम्ट्

2. सामाजिक परिवर्तन का मुख्य स्त्रोत व्यक्तियों के विचारो और मूल्यों में निहित न होकर प्रमुख रूप से आर्थिक प्रभावों के प्रोत्साहनों में निहित है। यह विचार निम्न में से किसका है ?

(अ) कार्ल मार्क्स (ब) मैक्सवेबर

(स) इमाइल दुर्खीम (द) सी. एच. कूले

3 मानव विकास के तीन स्तरो के नियम, (अर्थात) धार्मिक अवस्था, तात्विक अवस्था, वैज्ञानिक अथवा प्रत्यक्ष बोध अवस्था के चरणों से होकर हुआ है, इस कथन का दावा किस समाजशास्त्री द्वारा किया गया है ?

(अ) इमाइल दुर्खीम (ब) मैक्स वेबर

(स) आगस्त काम्ट् (द) कार्ल मार्क्स

4. यह विवेचना किसने दी है कि आत्महत्या व्यवहार मे सामाजिक कारको का मौलिक प्रभाव पड़ता है ?

(अ) मैक्सवैबर (ब) कार्ल मार्क्स

(स) आगस्त काम्ट् (द) इमाइल दुर्खीम

5. मानव समाजो का व्यवस्थित अध्ययन विशेष रूप से आधुनिक औद्योगिकृत व्यवस्थाओं के अध्ययन पर बल दिया जाना, निम्न में से किस समाज विज्ञान के अध्ययन की विषय वस्तु है ?

(अ) मानवशास्त्र

(ब) अर्थशास्त्र

(स) प्रजातिलेखन

(द) सामाजशास्त्र

6. When we refer to "the ways of life" of the members of a society, or of groups within a society, we refer to it as the concept of:-

(A) Community (B) Association

(C) Culture (D) Group

7. Who has given the classification of groups on the basis of kind of contacts into primary and secondary groups?

(A) W. G. sumner (B) E. B. Taylor

(C) C. H. Cooley (D) Ginsbeg

8. Who has described four principle types of social structure based on four social values i. e. (i) Universalistic achievement pattern (ii) Particularistic achievement pattern (iii) Universalistic ascription pattern (iv) Particularstic - Ascriptive pattern?

(A) R. K. Merton

(B) Talcott Parsons

(C) W. G. Sumner

(D) C. H. Cooley

9. Who has classified the cultural systems as (i) Sensate (ii) ideational and (iii) idealistic?

(A) Sorokin

(B) Durkheim

(C) Morgan

(D) Parsons

10. The process whereby persons and groups acquire the culture of other group in which they come to live by adopting its attitudes and values, pattern of thinking and behaving - i.e. its way of life is known as:

(A) Encultuvation (B) Cooperation

(C) Accomodation (D) Assimilation

11. Which of the following is not included in ascribed status determinants?

(A) Sex

(B) Age

(C) Kinship

(D) Education

6. जब हम एक समाज के सदस्यों या एक समाज के अन्तर्गत समूह के सदस्यों के जीवन जीने के तरीके या ढंग को संदर्भ में रखते है तो उसे हम निम्न में से किस अवधारणा के संदर्भ में जानते है ?

(अ) समुदाय (ब) संघ

(स) संस्कृति (द) समूह

7. समूहो के वर्गीकरण में सम्पर्क के प्रकार के आधार पर प्राथमिक एवं द्वैतियक समूहो के वर्गीकरण को किसने दिया है ?

(अ) इब्लू. जी. समनर (ब) इ. बी. टेलर

(स) सी. एच. कूले (द) गिन्सबर्ग

8. चार सामाजिक मूल्यों के आधार पर (i) सार्वभोमिक उपलब्धि प्रतिमान (ii) विशिष्ट उपलब्धि प्रतिमान (iii) सार्वभोमिक प्रदत्त प्रतिमान पर (iv)विशिष्ट - प्रदत्त प्रतिमानों के मूल्य प्रतिमान पर आधारित, चार प्रधान सामाजिक संरचनाओं की विवेचना किसने की है ?

(अ) रोबर्ट के मर्टन (ब) टालकट् पारसन्स

(स) डब्लू जी समनर (द) सी. एच. कुले

9. सांस्कृतिक व्यवस्थाओं के प्रकार का वर्गीकरण, (i) इन्द्रियपरक संस्कृति (ii) विचाराणात्मक संस्कृति और आदर्शवादी संस्कृति किसने दिया है ?

(अ) सोरोकिन (ब) दुर्खीम

(स) मोर्गन (द) पारसन्स

10. वह प्रक्रिया जिसके अंतर्गत व्यक्ति या समूह अन्य दूसरे समूहो की संस्कृति में रहने आते है और उनके जीवन को जीने के ढंग को,उनकी मनोवृत्तियों, मूल्यो और विचार प्रतिमानों व व्यवहारों को अंगीकार कर लेते है को कहा जाता है:- ?

(अ) संस्कृति गृहण

(ब) सहयोग

(स) व्यवस्थापन

(द) सात्मीकरण या आत्मसातकरण

11. निम्न में से कौन सा प्रदत्त प्रस्थिति के निर्धारण मे सम्मिलित नही है ?

(अ) लिंग (ब) आयु

(स) नातेदारी (द) शिक्षा

12. A teacher leaving school to work in another or even in a factory as a welfare officer is an example of ....

(A) Vertical mobility

(B) Horizontal mobility

(C) Inter - generational mobility

(D) Closed model of mobility

13. Which of the following is an example of informal means of social control?

(A) Law (B) Education

(C) Folkways (D) State

14. The theory of 'cultural lag' is propounded by:-

(A) Gillin and Gillin (B) W. E. Moore

(C) W. F. Ogburn (D) Bottomore

15. Conflict is characterised by:-

(A) Unconsciousness of the rival

(B) Lack of contact among competitors

(C) Placing the individual in the community

(D) Violence of varying degrees

16. A professor in the department of sociology, university of Rajasthan is a designation of:

(A) Office (B) Status

(C) Stration (D) Esteem

17. Who has given the concept of 'Looking glass self in the development of the self?

(A) G. H. Mead

(B) C. H. Cooley

(C) Freud

(D) Emile Durkheim

12. एक अध्यापक एक स्कूल को छोड़कर दूसरे स्कूल या किसी कारखाने में वेलफेयर आफीसर के रूप में कार्य करने चला जाता है तो, यह एक उदाहरण है:-

(अ) शीर्ष सामाजिक गतिशीलता का

(ब) क्षितिजीय गतिशीलता का

(स) अंर्त पीढ़ी गतिशीलता का

(द) गतिशीलता के बंद मोडल का

13. निम्न में से कौनसा सामाजिक नियंत्रण के अनौपचारिक साधन का उदाहरण है ?

(अ) कानून (ब) शिक्षा

(स) जनरीतियाँ (द) राज्य

14. 'सांस्कृतिक विलम्बना' के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ?

(अ) गिलिन और गिलिन

(ब) डब्लू. इ. मूर

(स) डब्लू, एफ आगबर्न

(द) बाटोमोर

15. संघर्ष की विशेषता है:-

(अ) प्रतिद्वन्दी के प्रति अचेतनता

(ब) प्रतिद्वन्दियों में सम्पर्क का अभाव

(स) व्यक्ति का समुदाय में स्थान निर्धारण

(द) हिंसा की विभिन्न मात्रा

16. राजस्थान विश्व विद्यालय में समाजशास्त्र का विभाग में एक प्रोफेसर का पदनाम है:-

(अ) आफिस या पदानुषंग

(ब) प्रस्थिति

(स) स्तृत

(द) सम्मान

17. आत्म या स्व के विकास में दर्पण में प्रतिबिम्ब के सिद्धान्त को किसने प्रतिपादित किया है,

(अ) जी. एच. मांड (ब) सी. एच. कूले

(स) फ्रायड (द) इमाइल दुर्खीम

18. Field - work is not characterized by which of the following characteristic of data collection?

(A) Living with people the investigator plans to study

(B) Having first hand experience of their life style

(C) Investigator can devise on the spot strategies to come to grip with unforseen challenges of the study

(D) Use the written materials that are already in existence about people

19. Which of the following thinkers is not included in the category of textual perspective writers?

(A) Radha Kamal Mukerji

(B) Iravati karve

(C) M. N. Srinivas

(D) G. S. Ghurey

20. Which of the following is the major work of G. S. Ghurey

(A) Caste class and occupation

(B) Religion, Politics and History in India

(C) Recent trends in Indian nationalism

(D) Society and politics in India.

21. For the purpose of explaining types of Hinduism and its meaningful classification with special reference to coorgs of south India, Hinduism has been split up into how many types of categories, by M. N. Srinivas?

(A) Two types

(B) Four types

(C) Six types

(D) None of the above

18. आंकडो के संकलन में क्षेत्रीय कार्य की निम्न में से कौन सी विशेषता नहीं है-

(अ) जिस क्षेत्र का अनुसंधानकर्ता अध्ययन करने की योजना रखता है वहां के लोगो के साथ रहना।

(ब) उनकी जीवन शैली का अनुभव प्रथम अनुभव द्वारा करना।

(स) अध्ययन में आने वाले अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करने हेतु तत्क्षण विशेष उद्देश्य के लिये तैयार योजना का हिस्सा बनना।

(द) उन लोगो पर पूर्व में अस्तित्व, लिखित साहित्य का उपयोग करना।

19. निम्न में से कौन से विचारक मूल पाठ (ग्रन्थ) परिप्रेक्ष्य श्रेणी के लेखकों में सम्मिलित नहीं है ?

(अ) राधाकमल मुकर्जी

(ब) इरावती कर्बे

(स) एम. एन श्रीनिवास

(द) जी. एस. घूर्ये

20. जी.एस. घूर्ये की प्रमुख कृति निम्न में से कौन सी है ?

(अ) कास्ट - क्लास एण्ड आक्यूपेशन

(ब) रिलिजियन, पोलिटिक्स एण्ड हिस्ट्री इन इंडिया

(स) रिसेन्ट ट्रेन्डस इन इंडियन नेशनलिज्म

(द) सोसाइटी एण्ड पोलिटिक्स इन इंडिया

21. एम. एन. श्रीनिवास द्वारा दक्षिण भारत में कुर्ग लोगो के अध्ययन में हिन्दुवाद के अर्थपूर्ण वर्गीकरण एवं प्रकारो की व्याख्या में हिन्दुवाद को कितने प्रकारों में बांटा गया है ?

(अ) दो प्रकार

(ब) चार प्रकार

(स) छह प्रकार

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

22. Who among the following has disagreed with Srinivas over the use and existence of the term dominant caste?

(A) F. G. Bailey

(B) Surjit Sinha

(C) Sachchidanand

(D) S .C. Dubey

23. Who has given the argument that the tribes are being pulled towards the caste system mainly through the agriculture and craft based economy of the caste society?

(A) N. K. Bose (B) Surjit Sinha

(C) H. N. Banerjee (D) F. G. Bailey

24. Who is the author of the book 'Diversities'?

(A) Radha Kamal Mukerjee

(B) D. P. Mukherji

(C) D. D. kosambi

(D) S. C. Dubey

25. The family is a group defined by sex relationship, sufficiently precise and enduring to provide for the procreation and upbringing of children, is the definition given by:-

(A) Lucy Mayer

(B) W. H. R. Rivers

(C) Mac Iver and Page

(D) D. N. Majumdar and T. N. Madan.

26. Which of the following is Not included in the traditional criteria of practices of exogamy in India.

(A) Marriage outside the totem

(B) Marriage outside the Gotra

(C) Marriage outside the village

(D) Marriage outside the caste

22. प्रभु जाति का एम. एन. श्रीनिवास द्वारा प्रयुक्त अवधारणा के अस्तित्व को निम्न में से कौनसे विचारक मानने को सहमत नही है:-

(अ) एफ. जी. बेली (ब) सुरजीत सिन्हा

(स) सच्चिदानंद (द) एस. सी. दूबे

23. यह तर्क किसने प्रस्तुत किया है कि जनजातियाँ - जाति की ओर कृषि और शिल्प आधारित जाति व्यवस्था की अर्थ व्यवस्था के फलस्वरूप प्रमुखत: अग्रसर हुई है ?

(अ) एन. के . बोस ने (ब) सुरजीत सिन्हा ने

(स) एच. एन. बेनर्जी ने (द) एफ. जी. बेली ने

24. 'डायवर्सिटीज' पुस्तक के लेखक कौन है ?

(अ) राधाकमल मुर्खजी (ब) डी. पी. मुर्कजी

(स) डी. डी कोसाम्बी (द) एस. सी. दूबे

25. यह परिभाषा किसने दी है, कि परिवार लैगिंक सम्बन्धों को स्पष्ट और निरतंर टिकने वाली एक व्यवस्था है जिसमें बच्चों का जन्म और लालन - पालन होता है ?

(अ) लूसी मेयर

(ब) डब्लू. एच. रिर्वस

(स) मैका इवर और पेज

(द) जी. एन. मजूमदार और टी.एन.मदन

26. निम्न में से कौनसा माप दंड परम्परागत भारतीय समाज में बर्हिविवाह के व्यवहार या प्रथा के मूल्यांकन की कसोटी में सम्मिलित नही है ?

(अ) टोटम के बाहर विवाह

(ब) गोत्र के बाहर विवाह

(स) गांव के बाहर विवाह

(द) जाति - बाहर विवाह या बर्हि-विवाह

27. A kin group that comprises of members who are the unilineal descendants of a common ancestors, whose identity is forgotten is known as:-

(A) Lineage (B) Clan

(C) Phratry (D) Moeity

28. When a Person from a lower caste is compelled to marry his daughter with a boy of upper caste this custom in Indian context is termed as:-

(A) Hypergamy

(B) Hypogamy

(C) Group marriage

(D) None of the above

29. Which of the following, according to Rajni Kothari in his study of relationship between caste and politics is not included as an aspect of caste?

(A) Secular (B) Integrative

(C) Ideological (D) Structural

30. Which of the following is not included in the features of communal Riots?

(A) Communal Riots are political in nature.

(B) Communal Riots are - Economic in nature.

(C) Communal Riots are Religious in nature.

(D) In communal riots there is no use of arms and weapons.

31. Corruption is a wilful failure to perform a specified duty in order to receive some direct or indirect personal gains', who has given this definition.

(A) Gunnar Myrdal

(B) Lloyd Rudolph & S. H. Rudolph

(C) Elliott and Merrill

(D) Rajni Kothari

27. एक सामान्य पूर्वज जिसकी पहचान भूल गई है से सम्बन्धित समरेखिय उत्तराधिकारियों के एक स्वजन समूह को जाना जाता है?

(अ) कुल के रूप में (ब) गोत्र के रूप में

(स) फ्रेटरी के रूप में (द) मोइटी के रूप में

28. भारतीय संदर्भ में जब एक निम्न जाति के व्यक्ति को अपनी पुत्री की शादी, एक उच्च कुल के लड़के के साथ करने के लिये बाध्य होना पड़े, तो इस प्रथा को कहते है:-

(अ) अनुलोम विवाह

(ब) प्रतिलोम विवाह

(स) समूह विवाह

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

29. 'रजनी कोठारी' के जाति एवं राजनीति के अध्ययनों में निम्न में से जाति का कौन सा पक्ष सम्मिलित नही है?

(अ) धर्म - निरपेक्ष (सेक्यूलर) पक्ष

(ब) एकीकृत का समन्वित पक्ष

(स) विचार धाराई पक्ष

(द) संरचनात्मक पक्ष

30. साम्प्रदायिक दंगो में निम्न में से कौन सी विशेषता सम्मिलित नही है?

(अ) साम्प्रदायिक दंगो की प्रकृति राजनैतिक है-

(ब) साम्प्रदायिक दंगो की प्रकृति आर्थिक है-

(स) साम्प्रदायित दंगो की प्रकृति धार्मिक है-

(द) साम्प्रदायिक दंगो में शस्त्रों एवं हथियाारों का प्रयोग नही होता है।

31. 'कोई प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के लिये जानबूझकर प्रदत्त कर्तव्य का पालन न करना ही भ्रष्टाचार हैं। यह परिभाषा किसने दी हैं ?

(अ) गुन्नार मिर्डल

(ब) लायड् रूडोल्फ एवं एस. एच. रूडोल्फ

(स) इलियट और मेरिल

(द) रजनी कोठारी

32. When was prevention of atrocities Act against the members of scheduled castes and scheduled tribes in India enacted?

(A) yr. 1983 (B) yr. 1985

(C) yr. 1987 (D) yr. 1989

33. When was the domestic violence against Women (prevention) Bill passed in India?

(A) yr. 2002 (B) yr. 2003

(C) yr. 2005 (D) yr. 2007

34. Opium is included in which type of the following drugs?

(A) Narcotic Drugs

(B) Stimulant Drugs

(C) Depressants Drugs

(D) Hallocinogens

35. Which of the following is not included in types of scientific research?

(A) Descriptive research

(B) Normative research

(C) Exploratory research

(D) Explainatory research

36. A hypothesis of no relationship, which does not exist in reality but are used to test research hypothesis is termed as:-

(A) Research hypothesis

(B) Statistical hypothesis

(C) Null hypothesis

(D) Working hypothesis

37. A variable which changes in relationship to changes in another variable is called:-

(A) Active variable

(B) Moderator variable

(C) Independent variable

(D) Dependent variable

32. अनुसूचित जातिय एव अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के दमन निरोधक कानून को भारत में कौन से वर्ष में पारित किया गया ?

(अ) सन् 1983 (ब) सन् 1985

(स) सन् 1987 (द) सन् 1989

33. भारत में महिला हिंसा विरोधी (निरोधक) विधेयक को कौन से वर्ष में पारित किया गया ?

(अ) सन् 2002 (ब) सन् 2003

(स) सन् 2005 (द) सन् 2007

34. अफीम को निम्न में कौन मादक द्रव्यों के प्रकार में सम्मिलित किया जाता है ?

(अ) निश्चेतक मादक द्रव्य

(ब) उत्तेजक मादक द्रव्य

(स) अवसादक मादक द्रव्य

(द) भ्रान्तिजनक मादक द्रव्य

35. निम्न में से कौन सा वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रकार में सम्मिलित नही है ?

(अ) विवरणात्मक अनुसंधान

(ब) मानक अनुसंधान

(स) अन्वेषणात्मक अनुसंधान

(द) व्याख्यात्मक अनुसन्धान

36. वह उपकल्पना जिसमें सहसम्बन्ध नही है, जो वास्तविकता में अस्तित्व में नही है किन्तु अनुसंधान उपकल्पना की जांच के लिये प्रयोग में काम आती है को कहते हैं-

(अ) अनुसंधान उपकल्पना

(ब) सांख्यकीय उपकल्पना

(स) नल उपकल्पना

(द) कार्यवाहक उपकल्पना

37. एक चर जो दूसरे चर में परिवर्तन के फलस्वरूप सह परिवर्तित होता है, उसको कहते है ?

(अ) सक्रिय चर

(ब) मोडरेटर चर (नियामक चर)

(स) स्वतंत्र चर

(द) आश्रित चर

38. Which of the following is not a characteristic of scientific research?

(A) Verifiable evidence

(B) Accuracy

(C) Subjectivity

(D) Percision

39. The type of research which is qualitative, which becomes useful in formulating hypothesis or testing hypothesis and theories is known as:-

(A) Experimental research

(B) Applied research

(C) Comparative research

(D) Exploratory research.

40. Which of the following is not a condition to be satisfied in probability sampling requirements?

(A) Complete list of subjects to be studied is available

(B) Size of the universe must be known.

(C) Desired sample size must be specified.

(D) Each element has no equal chance of being selected

41. Which of the following is a limitation of a questionnaire?

(A) It can be used only for educated people

(B) It is accessible to widespread respondents

(C) It has no interviewers bias

(D) It is time saving

38. निम्न में से सामाजिक अनुसंधान की कौन सी एक विशेषता नही है?

(अ) प्रमाण की सत्यता जांचना या परीक्षण करना

(ब) यथार्थता या सही होना

(स) विषय परकता

(द) सही ढंग से कहा हुआ यथार्थ

39. अनुसंधान वह प्रकार जिसकी प्रकृति गुणात्मक है और उपकल्पनाओं के निर्माण और परीक्षण और सिद्धान्तों के निर्माण में उपयोगी होता है को कहते है?-

(अ) परीक्षणात्मक अनुसंधान

(ब) व्यवहारिक अनुसंधान

(स) तुलनात्मक अनुसंधान

(द) अन्वेषणात्मक अनुसंधान

40. सम्भाव्यता निर्दशन (सेम्पलिंग) की निम्न में से कौन सी एक परिस्थिति नही है जिसकी संतुष्टि की जानी आवश्यक है? या साम्भाव्य सैम्पलिंग की कौन सी पूर्व आवश्यकता नही है?

(अ) विषय से सम्बन्धित पूर्ण सूचि जिनका अध्ययन किया जाना है।

(ब) समग्र के आकार का पता होना

(स) इच्छित सैम्पल (निदर्शन) आकार का विस्तार और सूक्ष्मता के साथ निर्धारण।

(द) प्रत्येक इकाई का समान रूप से चुने जाने की संभावना न होना

41. निम्न में से प्रश्नावली की कौन सी एक सीमा या कमी है?

(अ) इसका प्रयोग केवल शिक्षित व्यक्तियो के लिये संभव है

(ब) विस्तृत उत्तरदाताओं तक पहुँचने का अवसर

(स) इसमे साक्षात्कारकर्ता की अभिमति की संभावना नही है

(द) इससे समय की बचत होती है।

42. In interviewing technique, which of the following is not a characteristic in interviewer and interviewee relationship

(A) In asking questions, the interviewer should not be arrogant.

(B) The interviewer should patronise the respondent

(C) He should not show disbelief in answers given

(D) He should probe answers for gaining more information

43. Which of the following is an advantage of case study method?

(A) It has subjective Bias

(B) It is time consuming

(C) It makes in depth study possible

(D) It has little evidence for scientific generalisations

44. Which of the following is the source of data for content analysis?

(A) Printed material

(B) Schedule

(C) Observation

(D) Interview Guide

45. A table which is used in exploratory analysis and where the researcher is more concerned with describing the extent of occurrence than with studying its correlates is known as:

(A) Univarsiate table

(B) Bivariate table

(C) Contingency table

(D) Trivariate table

42. अनुसंधान तकनीक में अनुसंधानकर्ता और जिनका अनुसंधान किया जाना (साक्षात्कारदाता) के मध्य सम्बन्धों की कौनसी एक विशेषता नही है?-

(अ) प्रश्नो को पूछने के दौरान अनुसंधानकर्ता का उद्दंड न होना

(अ) साक्षात्कारकर्ता द्वारा उत्तरदाता को सरंक्षण कृपा दृष्टि करना देना था।

(स) दिये गये उत्तरो के प्रति अविश्वास न दिखाना।

(द) अधिक सूचनाएँ प्राप्त करने हेतु उत्तरों की गहराई से खोज बीन करना।

43. निम्न में से एकल अध्ययन (केसस्टडी) पद्धति का कौन सा- एक लाभ है या फायदा हैं ?

(अ) इसमें विषयपरक अभिमति है

(ब) इसमें अधिक समय लगता है।

(स) इससे गहन अध्ययन संभव है

(द) इसमें वैज्ञानिक सामान्यीकरणो के लिये कम प्रमाण उपलब्ध है।

44. अर्न्तवस्तु विश्लेषण के हेतु आंकडो या तथ्यों की प्राप्ती का निम्न में से कौन सा एक स्त्रोत है?

(अ) मुद्रित सामग्री

(ब) अनुसूचि

(स) निरीक्षण

(द) साक्षात्कार गाइड

45. एक सारणी जिसका उपयोग अन्वेषणात्मक विश्लेषणों में प्रयुक्त होता है और जिसमें अनुसंधानकर्ता सहसम्बन्धों के अध्ययन की अपेक्षा घटना के उत्पन्न होने की सीमा के विवरण से अधिक संबंध रखता है को जाना जाता है:-

(अ) एक गुण सारणी (ब) द्विगुण सारणी

(स) संभावित सारणी (द) त्रिगुण सारणी

46. When the values of independent variable are scaled on the x - axis and of dependent variables on the y axis, when the horizontal line is the x - axis and vertical line intersecting it, is y axis or ordinate is a visual presentation called:-

(A) Histograms

(B) Tables

(C) Pictograph

(D) Graphs

47. A situation in which the investigator becomes a part of the situation he is studying, involves himself in the setting and shares activities of the observed is a type of observation called:-

(A) Systematic observation

(B) Participant observation

(C) Structured observation

(D) Non - participant observation

48. Translating answers into numerical values or assigning numbers to the various categories of a variable to be used in data analysis is known as:-

(A) Editing

(B) Categorisation

(C) Coding

(D) Measurements

49. What is the disadvantage of Median:-

(A) Median can be calculated in all distributions

(B) It is not used in the context of qualitative phenomena

(C) It can be ascertained even with extreme items

(D) It is very useful in ordinal analysis

46. जब स्वतंत्र चर के मूल्य को x - axis (भुजांश) और आश्रित चर का मूल्य को y - axis(कोटि अक्ष) के पैमाने पर खीचा जाये तो क्षैतिजिय रेखा x - axis और शीर्ष रेखा y - axis एक दूसरे को काटते हुए खीची जाये तो जो चित्र प्रदर्शित होगा, उसे कहते है ?

(अ) आवृति वित्र (ब) सारणी

(स) चित्रमय प्रदर्शन (द) रेखा चित्र

47. निरीक्षण का वह प्रकार जिसमे एक अनुसंधानकर्ता जिस घटना का अध्ययन कर रहा है उसका एक अंग बनकर उन लोगो के जिनका वह अध्ययन कर रहा है, उनके परिवेश में घुल मिल कर, उनकी क्रियाओं में भाग लेने लगता है तो उसे कहते है ?

(अ) व्यवस्थित निरीक्षण

(ब) सहभागी अवलोकन

(स) संरचित निरीक्षण

(द) असटभागी अवलोकन

48. तथ्यो या आंकड़ो के विश्लेषण में प्रयुक्त एक चर की विभिन्न श्रेणियों को जब एक संख्या प्रदान कर उत्तरो को सांख्यकीय मूल्यों या उन्हे एक संख्यात्मक रूप में अनुदित कर दिया जाता है तो उसे कहते हैं ?

(अ) संपादन (ब) श्रेणीबद्ध करण

(स) कोड प्रदान करना (द) प्रमापीकरण

49. मध्यिका की क्या हानि है ?

(अ) मध्यिका की गणना सभी प्रकार के वितरणों मे की जा सकती है ?

(ब) मध्यिका प्रयोग गुणात्मक तथ्यों के अध्ययन के संदर्भ में नही किया जा सकता है।

(स) इसका चरम आइटमस या मूल्यों में भी पता लगाया जा सकता है

(द) यह क्रम सूचक संख्याओं के विश्लेषण में बहुत उपयोगी है ?

50. If a researcher is investigating the average income of farmers in a village owning less than 2 acres of land (with the given lowest and highest incomes) to establish how much each farmer would receive if amount to be given as loan is to be equally distributed, he will use which measure of the central tendency to know the eligibility of farmers to receive financial aid?

(A) Mean

(B) Median

(C) Mode

(D) None of the above

51. Which of the following is true regarding rural sociology definition?

(A) Rural sociology is concerned with the study of folk communities

(B) Rural sociology is concerned with the study of economic structures in a social set up.

(C) Rural sociology is concerned with the study of political structures in a social set up.

(D) Rural sociology is concerned with the study of social relations and social structure and functions in a rural social set-up.

52. Who has given this definition " The interaction of great and little traditions can be regarded as a part of the social structure of the peasant community in its enlarged context-

(A) Malinowsky

(B) D. N. Majumdar

(C) Redfield

(D) Mc-Cormack

53. Mc-Kim Marriott, studied a village in India named as?

(A) Janakpur

(B) Kishangarhi

(C) Shree puram

(D) Ranawato ki Sadri

50. एक अनुसंधानकर्ता किसी एक गांव के किसानो की, जिनके पास 2 एकड़ से कम भूमि है कि औसत आमदनी को जानने का प्रयास कर रहा है। जिनकी आमदनी निम्न से उच्च हो सकती है। तब वह अनुसंधानकर्ता कौन से सांख्यकीय माध्य के मापन का प्रयोग कर यह ज्ञात करेगा कि प्रत्येक किसान ऋण के रूप में कितनी वित्तीय राशि प्राप्त करने के योग्य है? यदि उसे ऋण राशि समान वितरण के आधार पर वितरित करनी है?

(अ) समान्तर माध्य

(ब) मध्यिका

(स) बहुलक

(द) उपरोक्त में से कोई नही

51. निम्न में से ग्रामीण समाजशास्त्र की कौन सी परिभाषा सही या उपर्युक्त है?

(अ) ग्रामीण समाजशास्त्र लोक - समुदायों के अध्ययन से सम्बन्धित है।

(ब) ग्रामीण समाज शास्त्र एक सामाजिक व्यवस्था में आर्थिक संरचनाओं के अध्ययन से सम्बन्धित है

(स) ग्रामीण समाजशास्त्र एक सामाजिक व्यवस्था में राजनीतिक संरचनाओं के अध्ययन से सम्बन्धित है

(द) ग्रामीण समाजशास्त्र ग्रामीण सामाजिक व्यवस्था में सामाजिक सम्बन्धों, सामाजिक संरचना और प्रकार्यो के अध्ययन से सम्बन्धित है।

52. यह परिभाषा किसने दी है कि, विस्तृत संदर्भ में वृहद और लघु परम्पराओं की अंर्त: क्रिया को कृषक समुदाय की सामाजिक संरचना के एक भाग के रूप में देखा जा सकता है?

(अ) मैलिनोबस्की

(ब) डी. एन. मजूमदार

(स) रेडफील्ड

(द) मैक-कोरमेक

53. मैकिम मेरियर ने भारत में जिस गांव का अध्ययन किया था, उसका नाम है?

(अ) जनकपुर

(ब) किशनगढ़ी

(स) श्री पुरम

(द) राणावतो की सादड़ी

54. Integrated Rural Development Programme (IRDP) was first introduced in India in the year:-

(A) yr. 1978 - 79 (B) yr. 1981 - 82

(C) yr. 1983 - 84 (D) yr. 1985 - 86

55. Who has modified the great and little traditions concepts and argued that the twin concepts of universalisation and parochialisation are operating in the socio - religions systems of Indian villages.

(A) Robert Redfield

(B) Mackim Maryeat

(C) V. Raghwan

(D) Surjeet Sinha

56. According to M.N. Srinivas-

"The process by which a low caste or tribe or other group takes over the customs, rituals beliefs, ideology and style of life of a high and particularly, a twice born (dwij) caste" is termed as a process of :-

(A) Westernization

(B) Universalization

(C) Modernisation

(D) Sanskritisation

57. The concept of "Bongaism" is put forward by which of the following theoretician?-

(A) Tylor E. B. (B) Durkheim E

(C) Vidyarthi L.P. (D) Majumdar D. N.

58. Which of the following is a characteristic feature of a rural community?

(A) Agriculture as a way of life

(B) Density of Population

(C) Social heterogeneity

(D) Social mobility

54. समन्वित गामीण विकास कार्यक्रम (I.R.D.P) को भारत में प्रथम बार किस वर्ष में प्रस्तुत किया गया ?

(अ) वर्ष 1978 - 79 (ब) वर्ष 1981 - 82

(स) वर्ष 1983 - 84 (द) वर्ष 1985 - 86

55. इस तर्क के आधार पर कि सार्वभौमिकरण और स्नानीयकरण की जुड़वां अवधारणाएँ भारतीय गांवों की सामाजिक - धार्मिक व्यवस्थाओं में परिचालित या प्रभावित है, इसलिए इनके द्वारा वृहद एवं लघु परम्पराओं की अवधारणा को संशोधित किसने किया ?

(अ) राबर्ट रेडफील्ड (ब) मैकिम मेरियट

(स) वी राघवन (द) सुरजीत सिन्हा

56. एम. एन श्रीनिवास के अनुसार वह प्रक्रिया जिसके द्वारा एक 'निम्न' हिन्दु जाति या जनजाति या अन्य समूह अपनी प्रथाओं, कर्मकाण्डो, विचारधारा, विश्वास और जीवन के तरीके को उच्च और अधिकतर द्विज जाति की दिशा में बदलती है को कहते है ?-

(अ) परिचमीकरण (ब) सार्वभौमिकरण

(स) आधुनिकीकरण (द) संस्कृतिकरण

57. "बोंगावाद" की अवधारणा निम्न में से किस विचारक ने दी है।

(अ) टायलर इ. बी. (ब) दुर्खीम इ.

(स) विद्यार्थी एल. पी. (द) मजूमदार डी. एन

58. निम्न में से कौन सी एक विशेषता लक्षण ग्रामीण समुदाय का है ?-

(अ) कृषि जीवन का एक ढंग

(ब) जनसंख्या का घनत्व

(स) सामाजिक विषमरूपता

(द) सामाजिक गतिशीलता

59. Which of the following is not a category of labour in the Agrarian social system based on the agricultural mode of production?

(A) Familial Labour

(B) Hired Labour

(C) Tenancy

(D) Capitalist labour

60. Who has defined joint family, as a group of people having a common residence common kitchen, common worship and common property and related with each other in terms of specific-kinship relationship.

(A) I.P. Desai (B) Iravati karve

(C) A.D. Ross (D) A.M. Shah.

61. G.S. Ghurey has given how many traits or characteristics of a caste?

(A) Three (B) Four

(C) Five (D) Six

62. Which of the following is not included in the aspects of Rural religion as discussed by A.R.Desai for the systematic analysis of religion in Indian villages?

(A) As a world outlook

(B) Aspect of magic

(C) As a body of practices

(D) Institutional complex.

63. Karls - Marx placed primary emphasis on 'class',which of the following he saw as an objectively given characteristic of class? -

(A) Economic structure of society

(B) Economic structure of status

(C) Economic structure of Party

(D) Economic structure of Estate

59. कृषि उत्पादन के साधन में श्रम के आधार पर निम्न में से कौन सा एक प्रकार का श्रम कृषिक सामाजिक व्यवस्था की श्रेणी में सम्मिलित नही है ? -

(अ) पारिवारिक श्रम

(ब) किराये का श्रम

(स) काश्तकारी या किराये पर भूमि जोतना

(द) पूंजीपति श्रमिक

60. संयुक्त परिवार की यह परिभाषा किसने दी है कि "संयुक्त परिवार लोगों का एक समूह है, जो सामान्यतया एक छत के नीचे रहते है, जो एक रसोई में बना भोजन करते हैं, जो सामान्य सम्पत्ति रखते हैं, परिवार के सामान्य पूजा पाठ में भाग लेते है और एक दूसरे से किसी विशिष्ट प्रकार के बन्धुत्व सम्बन्ध से सम्बिन्धित होते हैं।

(अ) आई. पी. देसाई (ब) इरावती कर्वे

(स) ए. डी. रोस (द) ए. एम. शाह

61. जी. एस. घूर्ये ने जाति की कितनी विशेषताएँ बताई है ?

(अ) तीन (ब) चार

(स) पांच (द) छह

62. भारतीय गांवों में धर्म के व्यवस्थित अध्ययन में ए. आर. देसाई द्वारा निम्न में से कौन सा एक प्रकार धर्म की विवेचना के पक्षो में सम्मिलित नही किया गया है ? -

(अ) विश्व दृष्टिकोण के रूप में या जगत के प्रति दृष्टिकोण

(ब) जादू के पक्ष के रूप में

(स) व्यवहारो की संहिता

(द) संस्थापक संकुल

63. कार्ल - मार्क्स ने प्राथमिक बल 'वर्ग' के अध्ययन पर प्रस्तुत किया है। उन्होने वस्तुपरक रूप में वर्ग की निम्न में से कौन सी एक विशेषता जानी है ? -

(अ) समाज की आर्थिक संरचना

(ब) समाज की आर्थिक प्रस्थिति

(स) समाज की आर्थिक पार्टी

(द) समाज की आर्थिक जागीर

64. Which of the following is not included in the major types of stratification system.

(A) Caste (B) Slavery

(C) Gender (D) Estate

65. A concept which refers to ways in which individuals may become cut off from full involvement in the wider society is known as:-

(A) Under class

(B) Under development

(C) Poverty

(D) Social exclusion

66. Among the important factors in modern social change which of the following is not included as a factor for social change?

(A) Reverance for the past

(B) Expansion of industrial capitalism

(C) Emergence of science and rational critical modes - thought.

(D) The development of centralized nation - states.

67. Which of the following is the percentage of seats reserved for women in Panchayats and other Local bodies through 73rd, 74th amendment of the constitution of India.

(A) 30 percent (B) 33 percent

(C) 45 percent (D) 50 percent

68. Karl Marx adopted and adapted the notion of dialectics from which of the following thinkers.

(A) Ludwig Feuerbach

(B) Lewis Coser

(C) Hegel

(D) Herbert Marcuse

64. निम्न में से सामाजिक स्तरीकरण व्यवस्था के प्रमुख प्रकारो में किसे सम्मिलित नही किया गया है ?-

(अ) जाति (ब) दासता

(स) लिंग (द) जागीर

65. व्यक्ति के व्यापक समाज के अंतर्गत पूर्ण रूप से सम्बद्ध या शामिल होने से कट जाने के तरीको को इंगित करने वाले अवधारणा को कहते है ?-

(अ) अन्डर क्लास

(ब) अन्डर डेवलेपमेन्ट

(स) गरीबी

(द) सोशल इक्सक्लूजन

66. निम्न में से कौन सा एक कारक आधुनिक सामाजिक परिवर्तन के प्रमुख कारको में सम्मिलित नही है ?

(अ) प्राचीन के प्रतिश्रद्धा

(ब) औद्योगिक पूंजीवाद का विस्तार

(स) विज्ञान और तर्कपूर्ण आलोचनात्मक विचारो की रीति का आर्विभाव

(द) केन्द्रीयकृत राष्ट्र-राज्यो का विकास

67. भारत में 73 वें, 74 वें संविधान संशाधनो के द्वारा महिलाओं के लिये पंचायतो और अन्य क्षेत्रिय इकाइयों में कितने प्रतिशत आरक्षण दिया गया है ?

(अ) 30 प्रतिशत (ब) 33 प्रतिशत

(स) 45 प्रतिशत (द) 50 प्रतिशत

68. द्वंद्ववाद की अवधारणा कार्लमार्क्स ने निम्न में से किस विचारक के विचार को समायोजित करके ग्रहण की थी ?-

(अ) लुडविम फ्यूरबाच (ब) लेविस कोजर

(स) हीगल (द) हरबर्ट मारक्यूज

69. Which of the following is the aspect of the condition of alienation, according to Karls Marx which affects both aspects (mind and action) of real life man.

(A) Religious alienation

(B) Political alienation

(C) Economic alienation

(D) Spiritual alienation

70. Identify which of the following is not a characteristic of social facts as analysed by Durkheim?

(A) They are amenable to explaination on either the biological or Psychological level.

(B) They are external to the individual

(C) They endure though time outlasting any set or group of individuals.

(D) They are endowed with coercive power

71. According to Durkheim, Organic solidarity is characterized by which of the following:-

(A) Homogeneity

(B) Division of labour and specialization

(C) Strong collective conscience

(D) Respressive laws.

72. Which of the following is not a type of Authority attributed to Bureaucracy by Max-Weber?

(A) The structure of authority is clearly delineated and strictly limited by rules.

(B) The principle of office hierarchy and of levels of graded authority with a firmly ordered system of super ordination and subordination

(C) A division of labour based on specialized functions and responsibilities

(D) Traditional actions where both ends and means are determined by custom.

69. निम्न में से कौनसा पक्ष अलगाव की परिस्थिति का पक्ष है, जो कार्ल मार्क्स के अनुसार एक व्यक्ति के वास्तविक जीवन के दोनो पक्षो (मस्तिष्क और क्रिया) को प्रभावित करता है।

(अ) धार्मिक अलगाव

(ब) राजनीतिक अलगाव

(स) आर्थिक अलगाव

(द) आध्यात्मिक अलगाव

70. दुर्खीम के सामाजिक तथ्य के विश्लेषण में निम्न में से कौन सी एक विशेषता सामाजिक तथ्य की नही है?

(अ) वे जैवीकीय और मनोवैज्ञानिक स्तर पर व्याख्या के हेतु सहज को अनुकूल हो जाते हैं

(ब) वे व्यक्ति से वाह्य होते है।

(स) वे व्यक्तियो के समूह से परे, समय सीमा से परे, निरतंर चलते है

(द) उनमे बाध्यता का गुण निहित है

71. सावयवी एकता की विशेषता दुर्खीम के अनुसार निम्न में से कौन सी है? –

(अ) समरूपता

(ब) श्रम का विभाजन और विशेषीकरण

(स) संगठित समग्र चेतना

(द) दमनकारी कानून

72. मैक्स वैबर के अनुसार नौकरशाही मे निम्न में से कौन सा एक प्रकार की सत्ता का नही है?

(अ) सत्ता की संरचना स्पष्ट रूप से नियमों द्वारा कठोरता से परिसीमित होती है।

(ब) इसमे आफिस में सत्ता का संस्तरण देखने को मिलता है अर्थात सुनिश्चित क्रम में इसमे उच्च अधिकारियो एवं निम्न अधिकारियो के उतार चढ़ाव की व्यवस्था को सिद्धान्त के रूप में देखा जा सकता है?

(स) श्रम का विभाजन विशिष्ट प्रकार्यो एवं उत्तरदायित्वों के रूप में

(द) परम्परागत क्रियाएँ जहां लक्ष्य और साधन दोनो प्रथा के द्वारा निर्धारित होते है।

73. Who has given the concept of 'Public sphere' to reestablish our control over economic processes in the framework of democracy?

(A) Anthony Giddens

(B) Max Weber

(C) Jurgen Habermas

(D) Ulrich Beek

74. Who has defined modernity "in the form of a juggernaut" is extremely dynamic, it is a "runaway world" with great increase in the pace scope and profoundness of change over prior systems?

(A) Anthony Giddens

(B) Antonio Gramsci

(C) Jurgen Habermas

(D) Karl Marx

75. Where the state constructed a project of hegemony it was a property of sophisticated opaque states as opposed to transparent and openly coercive states.....who has argued that civil society is a sphere which is flanked by the domain of particularistic loyalities and the state?

(A) Karl Marx

(B) Antonio Gramsci

(C) Hegel

(D) T.K. Oommen.

76. Who has introduced the notion of "The ordering of institutions across time and space" in the structuration theory?

(A) Margaret Archer

(B) Pierre Bourdieu

(C) Anthony giddens

(D) Jurgen Habermas

73. 'पब्लिक स्फियर' की अवधारणा को किसन प्रस्तुत किया है? जिसके द्वारा प्रजातंत्र के फ्रेमवर्क में आर्थिक प्रक्रियाओं पर हमारा नियंत्रण पुर्नस्थापित हो सके।

(अ) एन्थोनी गिडिन्स

(ब) मैक्स वैबर

(स) जुरगन हेबरमास

(द) उलरिच - बेक

74. आधुनिकता को "एक जुगरनाट के स्वरूप में" किसने परिभाषित किया है? जो अत्यधिक गतिशील है, यह एक प्रकार का 'रन-अवे वर्ल्ड' है, जिसकी गति, क्षेत्र और परिवर्तन अत्यधिक ज्ञान या समझ में पूर्ण हैं, पूर्व व्यवस्थाओं की अपेक्षा:-

(अ) एन्थोनी गिडिन्स (ब) एन्टोनियो ग्रामसी

(स) जुरगन हेबरमास (द) कार्ल मार्क्स

75. जहां पर राज्य हेजीमोनी की विशिष्ट कार्ययोजना का निर्माण करे, जो कृत्रिम, अपारदर्शी राज्यो की सम्पत्ति हो जो पारदर्शी खुले रूप में दमनात्मक राज्यो का विरोधी हो..... ऐसा नागरिक समाज का क्षेत्र जहां राज्य और विशिष्ट वफादारिता दोनो तरफ हो, यह तर्क किसने दिया है?

(अ) कार्ल मार्क्स (ब) एन्टोनियो ग्रामसी

(स) हीगल (द) टी. के. ऊमन

76. संरचनात्मक सिद्धान्त में "संस्थाओं की क्रमबद्ध व्यवस्था समय व स्थान या क्षेत्र की दूरी से उस पार" हो की धारणा को किसने प्रस्तुत किया है?

(अ) मार्गेट आर्चर (ब) पियेर बोर्दियो

(स) एन्थोनी गिडेन्स (द) जुरगेन हेबरमास

77. Whose views the life world and communicative action are "complementary" concepts and communicative action can be seen as occurring within the life world?

(A) G. H. Mead

(B) Alfred Schutz

(C) Anthony Gidden

(D) Jurgen Habermas

78. Who is the author of the book "views and counter views"?

(A) D. P. Mukerji

(B) R. K. Mukherjee

(C) A. R. Desai

(D) Andre Beteille

79. Who is the author of the book"Rural sociology in India"?

(A) S. C. Dube

(B) Evans Pritchard

(C) A. R. Desai

(D) Majumdar and Madan

80. "The Indian Sadhus" is the book written by

(A) G. S. Ghurye

(B) M. N. Srinivas

(C) Louis Dumont

(D) David Hardiman

81. Name the process through which greater number of people are drawn into cities and concentrating economic activity there?

(A) Urbanism

(B) Urbanization

(C) Modernism

(D) Modernization

82. Which of the following is not a cause responsible for the development and expansion of cities in present times?

(A) Spread of information technology

(B) Migration

(C) Globalization

(D) Parochialization

77. किसके विचार में जीवन विश्व (लाइफ वर्ल्ड) और संचारात्मक क्रिया पूरक अवधारणाएँ है और संचारात्मक क्रिया लाइफ वर्ल्ड के अर्न्तगत घटित होते हुए देखी जा सकती है?

(अ) जी. एच. मीड (ब) अलफ्रेड शुटज

(स) एन्थोनी गिडिन्स (द) जुरगन हेबरमास

78. 'व्यूज्स एण्ड काउन्टर व्यूज्स' नामक पुस्तक के लेखक कौन है?

(अ) डी. पी. मुकर्जी (ब) आर. के मुखर्जी

(स) ए. आर. देसाई (द) आंर्द्रे बिताई

79. 'रूरल सोशियोलोजी इन इंडिया' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

(अ) एस. सी. दूबे

(ब) इवान्स प्रिटचार्ड

(स) ए. आर. देसाई

(द) मजूमदार और मदान

80. 'दी इंडियन साधुज' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

(अ) जी. एस. घूर्ये

(ब) एम. एन. श्रीनिवास

(स) लुई ड्यूमों

(द) डेविड हार्डीमेन

81. उस प्रक्रिया का नाम बताइये जिसके द्वारा अधिक संख्या में लोग शहरों को और आकर्षित होते है और आर्थिक क्रियाओं मे केन्द्रित होते है?

(अ) नगरीयता (ब) नगरीय करण

(स) आधुनिकता (द) आधुनिकीकरण

82. आधुनिक समय में निम्न में से कौन सा एक कारण शहरो के विकास एवं विस्तार के लिये उत्तरदायी नही है-

(अ) सूचना तकनीक का प्रसार

(ब) स्थानान्तरण

(स) भूमण्डलीकरण

(द) स्थानीयकरण

83. The most extreme form of Urban life today is represented by the term in the classification of cities knowns:-

(A) Eopolis (B) Polis

(C) Metropolis (D) Megalopolis

84. Ecology the study of the adaptation of plant and animal organisms to their environment is a term taken from?

(A) Social science

(B) Humanities

(C) Physical science

(D) Astronomy

85. A number of writers associated with the university of Chicago from the 1920s to the 1940s, who developed ideas which were for many years the chief basis of theory and research in urban sociology of the following who is not included in this list of writers?

(A) Macgregor and Pimlott

(B) Robert Park

(C) Ernest Burgess

(D) Louis wirth

86. Louis Wirth's thesis of 'Urbanism as a way of life' is concerned with urbanism as a form of social existence, which of the following characteristic is not included in this way of life of definition given by him?

(A) Proportion of the total population living in cities

(B) Impersonality of the population living in cities

(C) Density of social life of the population living in cities

(D) Most contacts between city dwellers are means to other ends rather than being satisfying relationship in themselves.

83. शहरो के वर्गीकरण में वह कौन सी अवधारणा है जो नगरीय जीवन के तरीके या चरम प्रकार का वर्तमान में सर्वाधिक प्रतिनिधित्व करती है?

(अ) इयोपोलिस (ब) पोलिस

(स) मैट्रोपोलिस (द) मेगालोपोलिस

84. पर्यावरण विज्ञान जो पौद्यों और जन्तुओ का एक दूसरे से एवं उनके पर्यावरण से संबंध या समायोजन का अध्ययन करता है, यह अवधारणा कहां से ली गई है?

(अ) समाज विज्ञान से

(ब) मानविकी से

(स) शारीरिक विज्ञान से

(द) खगोल शास्त्र से

85. सन् 1920 से सन् 1940 के समय में शिकागो स्कूल के अनेक लेखक जिन्होने उन विचारों को विकसित किया, जो आने वाले कई वर्षो तक नगरीय समाजशास्त्र के सिद्धान्तों और अनुसंधानों का आधार रहे है, उनमें निम्न में से किसका नाम सम्मिलित नही है?

(अ) मैकग्रेगर और पिमलोट

(ब) रोबर्ट पार्क

(स) अरनेस्ट बर्गेस

(द) लुइस वर्थ

86. लुइस वर्थ द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त नगरीय जीवन का एक तरीका नगरीयता को सामाजिक अस्तित्व के एक स्वरूप के संबंध में प्रस्तुत करते है। निम्न में से उनके द्वारा प्रस्तुत जीवन के इस तरीके की विशेषता में कौन सी विशेषता सम्मिलित नही हैं?

(अ) समग्र जनसंख्या जो शहरो में निवास करती है का अनुपात।

(ब) शहरो में निवास करने वाली जनसंख्या की अव्यैक्तिकता।

(स) शहरो में निवास करने वाली जनसंख्या के सामाजिक जीवन का घनत्व।

(द) शहरी लोगो के संबधों का स्वयं में साध्य न होकर संबंधों के मध्य साधन या साध्य का होना।

87. Of the following list which one is not included in urban problems?

(A) Protesting against air pollution

(B) Defending parks and green belts.

(C) Concern with improving housing conditions

(D) Producing food for local inhabitants and not for markets.

88. All the industrialized countries today have low birth and death rates compared with their past history. Then why has the world population increased so dramatically ? Because-

(A) Fertility rate has increased

(B) Fecundity rate has increased

(C) Rapid drop in mortality and high birth rates

(D) Life span has increased

89. A systematic and comprehensive study of a particular community organization, group etc with a view to the analysis to a social problem and presentation of recommendations for its solution is called:-

(A) Statistical method

(B) Social survey method

(C) Case study method

(D) Historical method

90. Which of the following is not included in the definition of sustainable development?

(A) Economic growth

(B) Use of renewable resources to promote economic growth

(C) Protection of animal species and biodiversity

(D) Commitment to maintaining clean air, water and land

87. निम्न सूची में से कौन सी एक नगरीय सामाजिक समस्या नही है ?

(अ) वायु प्रदूषण के खिलाफ प्रतिवाद या विरोध।

(ब) हरित बेल्ट और पार्को की रक्षा करना ।

(स) आवासीय दशाओं को सुधारने हेतु चिंतित होना।

(द) स्थानीय निवासियों के खाद्यान्नों का उत्पादन करना बाजार हेतु नहीं।

88. सभी औद्योगिकृत समाजो में प्राचीन इतिहास की तुलना में वर्तमान में निम्न जन्म दर और निम्न मृत्यु दर पाई जाती है। इसके बावजूद विश्व की जनसंख्या में आज नाटकीय रूप से वृद्धि हुई है कारण ?

(अ) जनन क्षमता में वृद्धि हुई है।

(ब) (फैकिनडिटी दर) या एक महिला को बच्चे पैदा करने की संख्या में जैविकीय क्षमता में वृद्धि का होना

(स) मृत्यु दर का तेजी से घटना और जन्मदर का उच्च होना।

(द) जीवन जीने के समय की अवधि का विस्तार

89. एम सामाजिक समस्या के विश्लेषण में और उसके हल हेतु सुझाव प्रस्तुत किये जाने के दृष्किोण से किसी एक विशिष्ट समुदाय, संगठन, समूह आदि का व्यवस्थित और व्यापक अध्ययन करने की पद्धति को कहते है ?-

(अ) सांख्यकीय पद्धति

(ब) सामाजिक सर्वेक्षण पद्धति

(स) केस अध्ययन पद्धति

(द) ऐतिहासिक पद्धति

90. संपोषित विकास की परिभाषा में निम्न में से क्या सम्मिलित नही है ?

(अ) आर्थिक वृद्धि

(ब) आर्थिक वृद्धि हेतु स्त्रोतो का नवीनीकरण या एक अंतराल के बाद फिर से कुछ बनाना व प्रयोग करना

(स) प्राणी जगत की प्रजातियो और जैव-विविधताओं का संरक्षण।

(द) स्वच्छ हवा, पानी और भूमि के रख-रखाव के प्रति प्रतिबद्धता

91. Which of the following is Not attributed in the large increase in carbon dioxide in the atmosphere?

(A) Burning of fossil fuels

(B) Large scale plantation

(C) Deforestation

(D) Vehicle emissions

92. The gradual rise in earth's average temperature due to changes in the chemical composition of the atmosphere is known as-

(A) Chlorofluorocarbons (CFCs)

(B) Hydrofluorocarbons (PFCs)

(C) Global warming

(D) Green house effect

93. World population growth trends in the modern times will have for reaching implications to be faced by humanity. Which of the following will have to face lesser implications in the following list?

(A) Labour market

(B) Welfare systems

(C) Natural environment

(D) Conditions in rural areas

94. Which of the following is not included in the various strategies of development adopted by the countries during nineteenth and twienth centuries.

(A) Capilalist model

(B) Welfare state model

(C) Rural based agricultural model

(D) Socialist model

95. Human rights do not deal with which of the following aspects?

(A) Civil Rights

(B) Political rights

(C) Socio - economic - cultural rights

(D) Growth in one part or sector

91. वायुमण्डल / वातावरण में कार्बन डाई आक्साइड की वृद्धि में निम्न में से कौन सा एक कारण उत्तरदायी नही माना जा सकता ?

(अ) जीवाश्म ईधन का जलाना

(ब) विस्तृत पैमाने पर बाग-बगीचा लगाना

(स) बनोन्मूलन

(द) वाहनो की गैस, गरमी, प्रकाश आदि का निस्सरण

92. वायुमंडल मे रासायनिक क्रियाओं में होने वाले परिवर्तनों के परिणाम स्वरूप उत्पन्न पृथ्वी के औसत तापमान में होने वाली क्रमिक वृद्धि को कहते है ?

(अ) क्लोरोफ्लूओरो कार्बन्स (CFCs)

(ब) हाइड्रोफ्लूओरो कार्बन्स(PFCs)

(स) ग्लोबल वार्मिग

(द) ग्रीन हाउस इफेक्ट

93. विश्व जनसंख्या में वृद्धि की दिशा का मानवता को दूरगामी प्रभावों का सामना आने वाले समय में करना पड़ेगा निम्न सूची में से यह प्रभाव किस पर कम पड़ेगा ?

(अ) श्रम बाजार

(ब) कल्याणकारी व्यवस्थाओं पर

(स) प्राकृतिक पर्यावरण पर

(द) ग्रामीण क्षेत्रों के अंदर दशाओं या परिस्थितियों पर

94. उन्नीसवीं व बीसवीं शताब्दी में अनेक देशो द्वारा विकास के विशेष उद्देश्य के लिये विभिन्न तैयार योजनाओं को अपनाया गया था, उनमे निम्न में से कौन सा प्रकार सम्मिलित नही था।

(अ) पूंजीवादी मॉडल

(ब) कल्याणकारी राज्य मॉडल

(स) ग्रामीण आधारित कृषि मॉडल

(द) समाजवादी मॉडल

95. मानवाधिकार में निम्न में से कौन से पक्ष से संबंधित नही है ?

(अ) नागरिक अधिकार

(ब) राजनीतिक अधिकार

(स) सामाजिक - आर्थिक, सांस्कृतिक अधिकार

(द) एक भाग या वृत्तखंड में वृद्धि

96. Establishment of industrial and hydelproject has brought the problem of uprooted families which model has been evolved for such uprooted families development?

(A) Rehabilitation development model

(B) Tribal development model

(C) Scheduled castes development model

(D) Sustainable development model.

97. (NABARD) National Bank of Agriculture and Rural Development was established in India in which of the following years?

(A) Yr. 1980 (B) Yr. 1982

(C) Yr. 1984 (D) Yr. 1986

98. Which of the following is a characteristic of a voluntary organisation.

(A) Registration under societies Registration Act, 1960 or any other statute of centre or state, public trust, company, institutions etc.

(B) Having sound financial positions and experience in welfare activities

(C) Formed for specific purpose and specific period without any registration to government i.e. no permanent registration number

(D) Rendering services by members on honorarium or nominal remuneration

99. (UNICEF) United Nations International children's emergency fund was established in which of the following years by U.N. General Assembly?

(A) Yr. 1947 (B) Yr. 1948

(C) Yr. 1949 (D) Yr. 1950

100. World Environment Day is observed annually on:

(A) 5th May (B) 5th June

(C) 5 th July (D) 5th August

96. औद्योगिक जल विषयक परियोजनाओं की स्थापना से परिवारो के वह जगह छोड़ने की समस्या उत्पन्न हुई है जहां वह बहुत समय से बसे हुए थे, उन परिवारो के विकास हेतु कौन से मॉड़ल को विकसित किया गया ?

(अ) विस्थापन - विकास मॉडल

(ब) जनजातीय विकास मॉडल

(स) अनुसूचित जाति विकास मॉडल

(द) संपोषित विकास मॉडल

97. भारत में कृषि और ग्रामीण राष्ट्रीय विकास (NABARD) बैंक की स्थापना निम्न में से किस वर्ष में की गई ?

(अ) सन् 1880 (ब) सन् 1882

(स) सन् 1884 (द) सन् 1886

98. एच्छिक संगठनों निम्न में से कौने सी एक विशेषता है ?

(अ) समाज पंजीकरण विधेयक 1960 के तहत पंजीकृत होना, या अन्य किसी केन्द्रीय या राज्य, पब्लिक ट्रस्ट, कम्पनी संस्थाओं आदि संसद या विधानसभाओं द्वारा पारित कानून या अधिनियम के तहत पंजीकृत होना।

(ब) कल्याणकारी कार्यो हेतु अनुभव और अच्छी वित्तीय स्थिति ।

(स) किसी विशिष्ट उद्देश्य, या विशिष्ट अवधि के लिये बिना सरकारी या पंजिकरण नम्बर के लिये निर्माण।

(द) सदस्यो द्वारा मानदेय या नाममात्र के पारिश्रमिक पर सेवाएँ दिया जाना।

99. 'युनाइटेड नेशन्स इन्टरनेशनल चिल्डरन्स इमरजेन्सी फंड' (UNICEF) की स्थापना U.N. सामान्य सभा द्वारा कौन से वर्ष में की गई ?

(अ) वर्ष 1947 (ब) वर्ष 1948

(स) वर्ष 1949 (द) वर्ष 1950

100. वार्षिक रूप से अंर्तराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है ?

(अ) 5 मई (ब) 5 जून

(स) 5 जुलाई (द) 5 अगस्त